कारा सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को दी चेतावनी

# जेल में सुरक्षा एवं बंदियों की सुविधा पर दें ध्यान, चूक हुई तो होगी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय में कारा सुरक्षा समिति की बैठक की। उन्होंने कारा सुरक्षा, कैदियों लिए मूलभूत सुविधाएं, बंदियों के परिजनों से मुलाकाती, स्वास्थ्य सुविधाएं, सीसीटीवी कैमरा, जैमर, टेलीफोन बूथ, वाकी टॉकी की कार्यशीलता, सायरन सहित अन्य आवश्यक मामलों की समीक्षा की। उन्होंने भोजन, पानी, शौचालय एवं साफ-सफाई के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि कारा में कैदियों को जेल मैनुअल के अनुसार को स्वच्छ, ताजा एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पानी आदि सुविधाएं मुहैया कराएं। उन्होंने मंडल कारा में लगाए गए सभी सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे चालू रखने, खराब होने पर तुरंत ठीक करने, कारा में आने वाली सामग्री की जांच करने का भी निर्देश दिया। कहा कि जेल के चारों ओर घनीआबादी है। इस दृष्टि से पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती भी होनी चाहिए। सुरक्षा में चूक होने पर संबंधित पदाधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन, पुलिस अधीक्षक सिटी अजित कुमार, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कपिल चौधरी, एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक आदि मौजूद थे।

## उत्पाद विभाग ने जब्त की 4 लाख रुपये मूल्य की शराब



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जोड़ाफाटक स्थित चांदमारी के समीप मनोज साहू नामक व्यक्ति के आवास उत्पाद विभाग की टीम ने 96 पेटी अरुणाचल प्रदेश की शराब बरामद की। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर उनके आवास पर छापा मारा और बड़ी सफलता प्राप्त की। जब्त की गई शराब झारखंड में प्रतिबंधित है, जिसकी कीमत लगभग 4 लाख से अधिक बताई जा रही है।

उत्पादन आयुक्त संजय मेहता ने बताया कि जब्त शराब की बिक्री एवं कारोबार का संचालन कर्ता अप्पू सिंह नामक व्यक्ति है। हालांकि वह मौके से फरार हो गया है। उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि होली को ध्यान में रखते हुए आगे भी इस तरह की कार्रवाई होती रहेगी।

## एक नजर में

### घर के बाहर खड़े हाइवा से बैटरी चुरा ले गए चोर

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी थाना अंतर्गत गोविंदपुर-साहेबगंज मुख्य मार्ग मोहलीडीह मोड़ के पास बीती सोमवार की रात खड़े हाइवा ट्रक से चोरों ने दो बैटरी चोरी कर ली और भाग निकले। चालक ने बताया कि उसने अपने घर के बाहर वाहन संख्या जेएच 13 सी 5331 खड़ा रखा था। सुबह जब घर से बाहर निकला तो पता चला कि ट्रक से दोनों बैटरी चोरी हो गई है। इस संबंध में स्थानीय थाना में लिखित शिकायत दे दी है।

### धनबाद जिला महिला कांग्रेस निभाएगी लोकसभा चुनाव में बड़ी भूमिका



**धनबाद।** धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी एवं नगर कमिटी की अध्यक्ष ने एआईसीसी कार्यालय दिल्ली में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुंजन सिंह मुलाकात की। दोनों नेताओं ने संगठन के सशक्ती करण पर बल दिया। संगठन को धारदार, सशक्त व मजबूत बनाने के साथ लोकसभा चुनाव में महिला कांग्रेस से ऐतिहासिक भागीदारी निभाने का आह्वान किया। मौके पर धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष सीता राणा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर संगठन के सशक्तीकरण व लोकसभा चुनाव में महिला कांग्रेस की भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर बोकारो महिला कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष अजंता झा, सचिव हेमंती जायसवाल सहित महिला कांग्रेस की दर्जनों पदाधिकारी मौजूद थी।

### हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए 10 लाख लोग करेंगे आंदोलन



**धनबाद।** हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का मामला अब जोर पकड़ने लगा है। मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद की बैठक एक निजी स्कूल में हुई। अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चंद्र तिवारी ने की। उन्होंने हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की लड़ाई पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर 19 राज्यों के करीब 10 लाख लोग जुड़ चुके हैं। अब इस आंदोलन को मूर्तरूप देने का समय आ गया है। बैठक में इस मुद्दे पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे। बैठक में नकुल तिवारी, लड्डू गोपाल तिवारी, भानु शंकर तिवारी, काजल तिवारी, मंजू तिवारी, अवनी कुमार तिवारी जीवन चौबे कार्तिक तिवारी सूर्य नारायण तिवारी तथा सुशील कुमार तिवारी आदि मौजूद थे।

## किशुन महतो बने जदयू पिछड़ा प्रकोष्ठ बाघमारा के प्रखंड अध्यक्ष



**कतरास।** यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय श्यामडीह मोड़ में मंगलवार को जदयू पिछड़ा प्रकोष्ठ की बैठक जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से पिछड़ा प्रकोष्ठ बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष के पद पर किशुन महतो को मनोनीत किया गया। दीप नारायण सिंह ने किशुन महतो को बधाई देते हुए कहा कि जदयू पूरे प्रदेश में संगठन विस्तार कर रही है। पिछड़ी जातियों के बीच जदयू संगठन का प्रभाव बढ़ रहा है। आने वाले समय में जदयू का झारखंड में मजबूत संगठन के रूप में उभरेगी। इस अवसर पर जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप, जदयू युवा प्रकोष्ठ बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र चौहान, गोतम कुमार, लखन सिंह, चन्द्रदेव यादव, श्वेत राय, भागवत पांडे आदि मौजूद थे।

## होली मिलन समारोह में मस्ती से झूमते रहे रंगों से सराबोर लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुमारधुबी।** निरसा मध्य पंचायत के निरसा कांटा इंस्पेक्टर ऑफिसर कॉलोनी में आज मंगलवार को मुखिया प्रतिनिधि एवं समाज सेवी मनोज सिंह ने होली मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम से किया।

समारोह में मुख्य व्यास के रूप में बलिया जिला के सुप्रसिद्ध व्यास स्वामीनाथ एवं स्थानीय व्यास काशी नाथ एवं उनकी पूरे टीम मौजूद थी। व्यास स्वामीनाथ ने एक से बढ़कर एक होली पारंपरिक लोकगीत प्रस्तुत किये, जिसे सुनकर सभी लोग होली के रंग में सराबोर होकर झूमते रहे। समाजसेवी मनोज सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि होली मौज मस्ती का पर्व है, पर्व सभी को शांति पूर्वक मनाना चाहिए। परिवार और साथियों के साथ होली मनाने का मजा ही कुछ और है।

समारोह में निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, सांसद पशुपतिनाथ सिंह, निरसा थाना प्रभारी मनजीत कुमार, उदय प्रताप सिंह, दिलीप सिंह, विनय सिंह, मुन्ना सिंह, शिव रतन प्रसाद, मनजीत सिंह, कामेश्वर ओझा, लालू ओझा, बादल बाउरी, ललन सिंह, गौतम साहू, दिलीप सिंह, सुदेश सिंह आदि मौजूद थे।

## स्काउट्स एंड गाइड्स ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को स्वीप के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। धनबाद रेलवे-स्टेशन, हिल कॉलोनी आदि स्थानों पर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सदस्यों ने नुक्कड नाटक के जरिये वोट के महत्व के बारे में बताया। लोगों से चुनाव के दिन अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पर पहुंचने की अपील की। सीएलएफ कार्यालय में वोटर अवेयरनेस के तहत, शपथ कार्यक्रम किया गया। साथ ही ईवीएम, वीवीपैट और कंट्रोल यूनिट का डेमो दिखाया गया।

## अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंची 8 टीम

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** रेलवे स्टेडियम में अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के छठे दिन यानी मंगलवार को चार मैच खेले गए। पहला मैच आरपीएसएफ और ऑपरेटिंग के बीच खेला गया। ऑपरेटिंग की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। आर पी एस एफ ने निर्धारित 10 ओवेरों में 7 विकेट खोकर 89 रन बनाये। जवाब में ऑपरेटिंग की टीम 10 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 82 रन ही बना सकी। इस तरह से इस रोमांचक मैच को आर पी एस एफ की टीम ने 7 रन से जीत लिया।

दूसरा मैच सी एंड डब्लू और इंजीनियरिंग के बीच खेला गया। इंजीनियरिंग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवेरों में 7 विकेट खोकर 114 रन बनाये। जवाब में सी एंड डब्लू की टीम 10 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर मात्र 61 रन पर सिमट गई। इंजीनियरिंग ने यह मैच 53 रन से जीत लिया।

तीसरा मैच इलेक्ट्रिक लोको शेड गोमो और एस एंड टी के बीच खेला गया। एस एंड टी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 82 रन ही बना सकी। जवाब में इलेक्ट्रिक लोको शेड/गोमो की टीम 7.3 ओवर में ही 3 विकेट खोकर बड़ी आसानी से लक्ष्य हासिल कर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

चौथा मैच आर पी एफ और मेडिकल के बीच खेला गया। मेडिकल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 8 विकेट के नुक्सान पर 62 रन बनाए। जवाब में आर पी एफ ने 4 ओवरों में ही 3 विकेट खोकर यह लक्ष्य बड़ी आसानी से हासिल कर लिया। अब क्वार्टर फाइनल में इलेक्ट्रिकल (ओपी), ऑपरेटिंग, आर पी एस एफ, इलेक्ट्रिकल लोको शेड गोमो, आर पी फ, सी एंड डब्लू, इंजीनियरिंग और कोल कॉमर्शियल की टीमों के बीच भिडंत होगी।

## ईसीआरकेयू का 20 मार्च का प्रदर्शन स्थगित




**धनबाद।** विभिन्न समस्याओं को लेकर 20 मार्च को ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन (ईसीआरकेयू) का धनबाद रेल मंडल स्तरीय धरना व प्रदर्शन स्थगित हो गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर देशभर में आचार संहिता लागू होने के कारण यूनियन ने यह फैसला लिया है।

यह जानकारी मंगलवार को यूनियन के सोमेन दत्ता, नेताजी सुभाष और एन के खवास ने संयुक्त बयान जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद अगली तिथि तय की जाएगी। ज्ञात हो कि ईसीआरकेयू के केंद्रीय अध्यक्ष डीके पांडे और अपर महामंत्री सह पीएनएम प्रभारी मोहम्मद जियाउद्दीन के निर्देश पर मंडलीय स्तर पर प्रदर्शन होना था।

## ट्रैफिक पुलिस ने टोटो चालकों के खिलाफ चलाया जांच अभियान

काटा चालान, अनधिकृत क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने की दी हिदायत



**धनबाद।** रणधीर वर्मा चौक पर मंगलवार को यातायात पुलिस ने टोटो चालकों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान के तहत दर्जनों टोटो चालकों का चालान काटा गया। अभियान यातायात डीएसपी अरविंद कुमार सिंह के निर्देश पर चलाया गया है। ट्रैफिक विभाग के पदाधिकारी लक्ष्मण प्रसाद मेहता ने बताया कि शहर में टोटो चालकों की मनमानी बढ़ती जा रही है। अनधिकृत क्षेत्र में भी टोटो चालक बेखौफ होकर प्रवेश कर जाते हैं, जिससे कई जगहों पर जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। यातायात डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने धनबाद के रणधीर वर्मा चौक से डीआरएम चौक तक कुछ दिन पूर्व टोटो परिचालन पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। यह जानकारी यातायात विभाग द्वारा कई बार टोटो चालकों को दी गई। बावजूद टोटो चालकों की मनमानी पर रोक नहीं लगी। इसीलिए मंगलवार को टोटो चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। दर्जनों टोटो चालकों का चालान काटने के साथ उन्हें सख्त हिदायत भी दी गई कि वह अनधिकृत क्षेत्र में प्रवेश नहीं करें। यातायात डीएसपी ने कहा कि धनबाद वासियों को जाम से निजात दिलाने के लिए यह अभियान चलाया गया है, जो आगे भी जारी रहेगा।

### बीडीओ ने किया जीएम से बूथों पर सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह

**चिरकुंडा।** एग्यारकुंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी मधु कुमारी ने बीसीसीएल सीवी एरिया के जीएम से प्राथमिक विद्यालय लायकडीह कोलियरी स्थित मतदान केंद्र संख्या 366, 367, 368 व 370 पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान, सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन व प्रखंड निर्वाचन कोषांग प्रभारी प्रमोद कुमार झा ने उक्त मतदान केंद्र का निरीक्षण मंगलवार को किया और शौचालय, रैंप, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं में कमी पाई गई । रिपोर्ट के आधार पर बीडीओ ने जीएम से बूथों पर सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

प्रदूषण रोकने के लिए लोगों ने फायर ओबी के वाहनों को रोका

### बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 3 में एसटीजी डेको कंपनी के काम-काज पर जताई नाराजगी

**कतरास।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 3 एसटीजी डेको आउटसोर्सिंग कैलुडीह छाताबाद में मंगलवार को लोगों ने प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाते हुए फायर ट्रांसपोर्टिंग को जाम कर दिया। भाजपा नेता आनंद यादव के नेतृत्व में लोगों ने फायर ओबी गिराने का विरोध किया। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने बताया कि बीसीसीएल क्षेत्र संख्या तीन में एसटीजी डेको आउटसोर्सिंग कंपनी फायर ओबी डंप कर रही है,जिससे आसपास के क्षेत्र में प्रदूषण काफी बढ़ गई है। लोगों को टीबी एवं सांस संबंधी बीमारी हो रही है। इस मामले को लेकर कई बार बीसीसीएल प्रबंधन एवं आउटसोर्सिंग कंपनी को आवेदन भी दिया गया है। परंतु बीसीसीएल प्रबंधन और आउटसोर्सिंग कंपनी प्रदूषण रोकने के लिए कोई पहल नहीं कर रही है। अगर आउटसोर्सिंग कंपनी प्रदूषण की समस्या का समाधान नहीं करती है,तो कंपनी का चक्का पूरी तरह जाम कर देंगे।

## धनबाद सीट से नीरज ने कांग्रेस प्रत्याशी के लिए दावा ठोंका

दिल्ली में राष्ट्रीय संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल से मिले

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव में धनबाद संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष नवनीत नीरज ने दावा ठोंका है। इस संबंध में श्री नीरज ने मंगलवार को दिल्ली स्थित पार्टी के कार्यालय में राष्ट्रीय संगठन महासचिव सांसद के सी वेणुगोपाल से मुलाकात की। उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और अनुभव के आधार पर धनबाद लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाने का अनुरोध किया एवं अपनी दावेदारी को मजबूती से रखा ।

इससे एक दिन पूर्व श्री नीरज ने राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मिलकर धनबाद लोकसभा सीट से अपनी उम्मीदवारी को लेकर अपनी संगठन क्षमता के बारे में बताया और अपने दावेदारी पेश की।

## अबुआ आवास में गड़बड़ी अथवा वसूली बर्दाश्त नहीं : बीडीओ

गोविंदपुर के सभी 39 पंचायत स्वयंसेवकों को हटाने की दी गई चेतावनी

गोविंदपुरः प्रखंड विकास पदाधिकारी जहीर आलम ने गोविंदपुर प्रखंड के सभी 39 ग्राम पंचायतों के पंचायत स्वयंसेवकों को चेतावनी दी है कि यदि अबुआ आवास में किसी तरह की गड़बड़ी मिली या वसूली की गई तो उनका आईडी पासवर्ड छीनकर हटा दिया जाएगा । मंगलवार को जियलगढा ग्राम पंचायत के कई अबुआ आवास लाभुकों ने बीडीओ से शिकायत की कि पंचायत स्वयंसेवक द्वारा घूम-घूम कर जिनके खाते में 30 हजार की राशि गई है, उनसे 5-5 हजार की वसूली की जा रही है। यह शिकायत ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह से भी की है। ग्रामीणों की शिकायत को बीडीओ ने गंभीरता से लिया और कहा कि अबुआ आवास झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। समाज के अंतिम व्यक्ति को इसका लाभ दिया जा रहा है। इसमें हेराफेरी या वसूली किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वैसे स्वयंसेवकों को प्रखंड प्रशासन हटा देगा ।

बीडीओ ने कहा कि स्वयंसेवकों के अलावा किसी पंचायत प्रतिनिधि या पंचायत सचिव के खिलाफ भी वसूली की शिकायत आएगी तो उन्हें भी नहीं छोड़ा जाएगा और कार्रवाई की अनुशंसा कर दी जाएगी । उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि अबुआ आवास या प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर यदि कोई ठगी या वसूली की कोशिश करता है तो वैसे लोगों से सावधान रहें और तत्काल इसकी शिकायत प्रखंड प्रशासन से करें। ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## झरिया में युवक का शव बरामद

**झरिया।** मंगलवार की सुबह झरिया थाना क्षेत्र के हेटलीबांध में एक 27 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। वहीं मृतक युवक की पहचान शमशेर नगर झरिया निवासी मोहम्मद सोनू के रूप में हुई है। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी झरिया पुलिस को दी सूचना मिलते ही, पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है ।

### स्वीप के तहत चलाया जाएगा मतदाता जागरुकता अभियान : नगर आयुक्त



**धनबाद।** नगर आयुक्त सह मीडिया कोषांग के वरीय पदाधिकारी रवि राज शर्मा ने मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों को बढ़ाया जाएगा। इसके तहत सभी ऑटो रिक्शा, बस, टैक्सी सहित अन्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट में स्टीकर लगाना, नगर निगम के 5 एयर क्वालिटी इंडेक्स स्क्रीन पर जागरुकता संबंधी वीडियो का प्रसारण किया जाएगा, साइकिल रैली निकाली जाएगी, वॉकथोन का आयोजन होगा, पेट्रोलियम डीलर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, चेंबर ऑफ कॉमर्स, रेसिडेंशियल सोसाइटी, बैंक आदि के साथ बैठक की जाएगी और मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा। समीक्षा बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया।

# नक्सली प्रभावित क्षेत्र में पथ निर्माण में गड़बड़ी

लूट व अनियमितता के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

खबर मंत्र संवाददाता

**तोपचांची।** एक वक्त था जब तोपचांची व टुंडी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में लोग सूर्यास्त होने के बाद आने-जाने से भय खाते थे। धीरे-धीरे सड़कें बनी उसका विस्तार हुआ लेकिन इसकी आड़ में बिचौलियों की चांदी कटने लगी। तोपचांची प्रखंड में विभिन्न ग्रामीण इलाकों में यातायात को सुगम बनाने के लिए सड़क निर्माण कार्य अब भी किया जा रहा है। लेकिन निर्माण कार्य में हमेशा अनियमित की बात सामने आती रही।

ताजा मामला मंगलवार को तोपचांची प्रखंड के नक्सल प्रभावित गांव बेलमी में निर्माण हो रहे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में अनियमितता बरतने की बात सामने आई है। बेलमी से गणेशपुर तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करीब 26 लाख 46 हजार रुपए की लागत से लगभग तीन किलोमीटर तक सड़क निर्माण करवाया जा रहा है। मंगलवार को दर्जनों ग्रामीण महिलाओं व पुरुषों ने सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीण नूनचंद महतो ने कहा कि सड़क निर्माण में काफी अनियमितता बरती जा रही है सरकार मानक के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है विरोध करने पर ठेकेदार के आदमी कहते हैं कि दुबारा नहीं बनेगा। ग्रामीण भानु देवी ने बताया कि सड़क सही तरीके से नहीं बन रही है कल ढलाई हुई थी आज ही फटने लगा है। सड़क की जगह पर पानी का जमाव हो जा रहा है। सड़क निर्माण में पदार्थ का सही इस्तेमाल नहीं होने से जगह-जगह पर दरारें आने लगी है। सड़क निर्माण सही तरीके से होनी चाहिए। इस संबंध में कंपनी के साइड इंचार्ज अभय कुमार ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य में गिराए जा रहे पदार्थ पर लूटपाट मची है। कार्यस्थल पर इंजीनियर की उपस्थिति नहीं होने पर उन्होंने कहा कि किस कार्य स्थल पर कौन सा इंजीनियर दिन भर रहकर सड़क का ढलाई करवाता है।

अब सवाल उठना लाजिमी हो जाता है कि आखिर सड़क में बरती जा रही अनियमितता पर अंकुश कब लगेगा ? कब जाकर ग्रामीणों को एक अच्छी सड़क की सौगात मिल पाएगी ?

# टाटा स्टील, सेल में वोटर अवेयरनेस फोरम ने बताया मतदान का महत्व

खबर मंत्र संवाददाता



**धनबाद।** लोकतंत्र के महापर्व को लेकर मंगलवार को टाटा स्टील जामाडोबा, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की चासनाला एवं जीतपुर कोलियरी में वोटर अवेयरनेस फोरम (वीएएफ) की बैठक हुई। एईआरओ ने कोलियरी के पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ बैठक कर मतदाता के अधिकार एवं मतदान की महत्ता के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान में वोटरों की शत प्रतिशत भागीदारी जरूरी है। भारत निर्वाचन आयोग ने स्वीप गतिविधियों के साथ वोटर अवेयरनेस फोरम का शुभारंभ किया है। इस फोरम के तहत अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने की जरूरत है। इसके जरिये लोगों को अपने निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्रों की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त करने की प्रक्रिया, ईवीएम वीवीपैट सहित अन्य प्रचार-प्रसार के माध्यमों एवं कार्यक्रमों से मतदाता के अधिकार एवं मतदान की महत्ता के विषय में जानकारी दी गयी।

# शांति समिति की बैठक में हुड़दंगियों व उपद्रवियों से सावधान रहने की अपील

## पुलिस अधिकारी ने दी कड़ाई से निपटने की चेतावनी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केन्दुआ।** गोन्दुडीह ओ पी परिसर में शांति समिति और पुलिस जन सहयोग समिति की बैठक मंगलवार को हुई। अध्यक्षता ओपी प्रभारी राजन कुमार झा ने की। संचालन मोहन राम ने किया। नये ओपी प्रभारी को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। समिति के सदस्यों ने शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने के लिए अपना सुझाव दिया अवैध शराब बिक्री पर रोक,लहरिया बाइकर्स पर लगाम लगाने, बसेरिया, यादव बस्ती, दास बस्ती, रवानी बस्ती, खरीकाबाद, धोबी कुलीआदि क्षेत्रों में होलिका दहन की शाम से ही विशेष चौकसी और पुलिस पेट्रोलिंग आदि के सुझाव दिये गए। ओपी प्रभारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए होली की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि हुड़दंगियों व उपद्रवियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। कानून तोडने वालों के साथ कडाई से पुलिस पेश आयेगी। शराब बिक्री पर रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव चुनाव प्रभावित करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। चुनाव आयोग के निर्देश पर अपने अपने घरों से राजनीतिक झंडा, बैनर हटाने का अपील की गई।

बैठक में एस आई राजेश कुमार, ए एस आई जयप्रकाश यादव, भगत सिंह, अनुज टोप्पो, पूर्व पार्षद निसार आलम, मंटू दास, धनंजय प्रमाणिक, पवन दास, सुनील यादव, बीरेन्द्र यादव, शोभा देवी, रंजीत यादव, भोली यादव, कृष्णा यादव, रामाशीष यादव, महेश तिवारी, त्रिवेणी यादव, शुभम सिंह, बाबरअली, अजय यादव, चंदन यादव, भीम प्रमाणिक, भोला राम, नसीरुद्दीन, राजेश पोद्दार, अरुण प्रमाणिक आदि मौजूद थे।

# प्रदीप कुमार सिंह बने धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन के नये अध्यक्ष



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर एसोसिएशन की नई 2024-27 सत्र की नई कमेटी का चुनाव दिल्ली में पिछले दिन हुआ। प्रदीप कुमार सिंह को धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। इसके अलावा उन्हें वाइस चेयरमैन और वेलफेयर कमेटी का अध्यक्ष भी चुना गया है। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुशील शर्मा उपाध्यक्ष चुने गए हैं। धनबाद के द्वारिका प्रसाद तिवारी को विशेष कार्य समिति का सदस्य चुना गया है। रांची के संजय कुमार को संगठन मंत्री के पद पर शपथ दिलाई गई। ऑल इंडिया के सभी केंद्रीय पदाधिकारी को चयनित पदाधिकारी ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी प्रदीप कुमार सिंह,धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन के कई बार अध्यक्ष रह चुके हैं।

## खबर एक नजर में

### जादूगोड़ा के छात्र हर्षित को गेट परीक्षा में मिला 70 रैंक


अपने माता-पिता संग हर्षित।

**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा स्थित परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय का छात्र हर्षित श्रीवास्तव ने वर्ष 2024 की गेट परीक्षा में 70 रैंक लाकर जादूगोड़ा का नाम रौशन किया है। इधर हर्षित श्रीवास्तव के इस सफलता के बाद यूसीलअधिकारियों समेत कंपनी कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। हर्षित के पिता अंजनी कुमार श्रीवास्तव यूसील की जादूगोड़ा यूरेनियम प्रोजेक्ट के मिला विभाग में अपर अधीक्षक यांत्रिकी के पद पर पदस्थापित है। उनके एकमात्र सुपुत्र हर्षित श्रीवास्तव ने 2024 की इंजीनियरिंग की शिखर परीक्षा गेट में ऑल इंडिया रैंक 70 हासिल कर देश की जानी-मानी पलिक सेक्टर की कंपनियों में अपना स्थान सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। हर्षित की मां श्रीमती पूनम श्रीवास्तव केंद्रीय विद्यालय सुरदा में अंग्रेजी विषय की अध्यापिका के रूप में कार्यरत हैं। हर्षित ने आईआईटी रुड़की से बीटेक की पढ़ाई पूरी की है। हर्षित ने अपनी 12वीं तक की पढ़ाई परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय जादूगोड़ा में पूरी की है। उसकी इस सफलता के बाद जादूगोड़ा के छात्र छात्राओ में उम्मीद की किरण जगी है कि छोटी जगह के बच्चे भी मेहनत के बल पर ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित गेट परीक्षा मेंअपनी जगह बनाने में कामयाबी हासिल कर सकते है।

### विभिन्न होली मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर।** आज जमशेदपुर प्रखंड के सोपोडेरा में न्यू शिव मंदिर जूनियर क्ला के द्वारा, उत्तरी छोटा गोविन्दपुर पंचायत अंतर्गत शेषनगर में स्थानीय महिलाओं द्वारा और परसुडीह ग्वालापट्टी में स्थानीय लोगों द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी। इस दौरान विधायक को अबीर का टीका लगाकर होली की बधाई दी और विधायक ने उपस्थित सभी लोगों को होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि रंगों का त्योहार होली हर किसी के दिल में प्रेम का रंग भरता है यह न केवल सामाजिक समस्या और आपसी प्रेम को बढ़ाता है समाज को भाईचारा के साथ जीने की सीख भी देता है। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिला परिषद सदस्या पूर्णिमा मलिक, जिला परिषद सदस्य परीतोष सिंह, पूर्व ज़िला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, झामुमो नेता मिथुन चक्रवर्ती, प्रदीप गुहा, माणिक मलिक, जितेंद्र सिंह, संजय सिंह, मुखिया बसंती गुप्ता, मुखिया अरुणा एक्का, पंचायत समिति सदस्य मनोज यादव, मीना देवी, शिवलाल लोहरा, लक्ष्मण मुंडा, विमल पाल आदि लोग उपस्थित थे।

# सिंदरी एनएसी मार्केट में लगा नगर निगम का भाड़ा वसूली कैंप



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** धनबाद नगर निगम और सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स की ओर से शहरपुरा एनएसी मार्केट में मंगलवार को संयुक्त कैंप लगाया गया। कैंप में एनएसी मार्केट के दुकानदारों से लगभग 40 हजार रुपये भाड़ा वसूला गया। धनबाद नगर निगम के राजकुमार शर्मा और कृष्णकांत सिंह ने बताया कि आवंटन धारियों ने काफी संख्या में भाड़ा जमा किया है। इस कैंप में सिंदरी चेम्बर ऑफ कॉमर्स के महासचिव संजय प्रसाद, भरत गोसाईं, हिरण प्रसाद, राजा, धनंजय कुमार, मधु सहित कई अन्य चेम्बर सदस्यों ने विशेष रूप से सहयोग किया।

## छापेमारी मे 14 टन अवैध कोयला किया जब्त

**सिजुआ।** सिजुआ एरिया के सीआईएसएफ टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जोगता थाना क्षेत्र के पुराना श्यामबाजार स्थित रेलवे साइडिंग के पीछे छापेमारी कर करीब 14 टन कोयला को जब्त किया है। बताया जाता है कि टीम ने अचानक छापेमारी की जिससे कारोबारी भागने में सफल रहा। श्यामबाजार में महीनों से कोयले की अवैध कारोबार कुछ तथाकथित लोगो के द्वारा किया जा रहा था। जिसमे कुछ सफेदपोश नेता का संलिप्तता थी। जब्त कोयले को मोदीडीह कोलियरी के प्रबंधन को सौप दिया गया। जोगता थाना क्षेत्र के अलावे तेतुलमारी थाना, ईस्ट बसूरिया, से कोयले को झाड़ियों में जमा किया जाता है।

# दीन दयाल अंत्योदय योजना के ऋण प्राप्त लाभार्थियों को मिला कौशल प्रशिक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा दीन दयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे एनयूएलएम) के तहत ऋण प्राप्त लाभार्थियों को नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देशानुसार कौशल प्रशिक्षण द्वितीय बैच का समापन चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय के सभागार में मंगलवार को हो गया। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान मौजूद थे। लाभार्थियों के बीच प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया।

स्वयं सहायता समूह के क्रेडिट लिंकेज प्राप्त लाभुकों को 6 दिवसीय प्रशिक्षण दि या गया, जिसमें उन्हें वित्तीय प्रबंधन से जुड़ी हर बारीकियों से अवगत कराया गया। दीनदयाल अंत्योदय योजना के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत यह कार्यक्रम ऋण प्राप्त लाभुकों के लिए है, जिसमें उन्हें प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।

योजना की जानकारी देते हुए नगर मिशन प्रबंधक अरुण बड़ाईक ने बताया कि योजना के तहत लाभुको एवं समूह की महिलाओं को बैंक से कम ब्याज पर ऋण प्रदान किया जाता है। परन्तु व्यवसाय को सफलतापूर्वक एवं व्यवस्थित ढंग से चलाने में व्यावसायिक कौशल की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसी उद्देश्य से व्यवसाय को सही ढंग से स्थापित करने, बाजार की स्थिति के अनुसार प्रोडक्ट का चयन, लेखांकन, मार्केटिंग से संबंधित विषयों के बारे में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन, प्रशिक्षण प्रदाता नेशनल इंडस्ट्रियल कंसल्टेंसी सेंटर के प्रतिनिधि, ट्रेनर, नगर परिषद् अंतर्गत कार्यरत सामुदायिक संगठनकर्ता तथा सभी सीआरपी मौजूद थे।

# गोविंदपुर के अंचलाधिकारी पद पर बरकरार, नये सीओ को नहीं मिला प्रभार



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गोविंदपुर।** आदर्श आचार संहिता के कारण शनिवार की शाम गोविंदपुर अंचलाधिकारी का धर्मेंद्र कुमार दुबे को प्रभार नहीं मिल सका और शशि भूषण सिंह अंचलाधिकारी पद पर बरकरार हैं। उन्होंने मंगलवार को अंचल कार्यालय में बैठकर विभिन्न फाइलों का निष्पादन किया और मुख्यालय दिवस पर आए आम लोगों से मुलाकात भी की।

ज्ञातव्य है कि झारखंड सरकार के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने ज्ञापांक 2 दिनांक 15 मार्च 2024 को राज्य के 15 अंचल अधिकारियों का पदस्थापन एवं स्थानांतरण किया था। चतरा जिला के सिमरिया अंचलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे का पदस्थापन गोविंदपुर अंचलाधिकारी पद पर हुआ था। उन्होंने 16 मार्च की शाम गोविंदपुर में योगदान भी दे दिया था और स्वतः प्रभार ग्रहण किया था। परंतु आदर्श आचार संहिता के कारण उनका प्रभार प्रभावित नहीं हो सका और शशि भूषण सिंह अब भी गोविंदपुर के अंचलाधिकारी बने हुए हैं। मंगलवार को उन्होंने कामकाज किया। अंचल निरीक्षक कुमार सत्यम भारद्वाज तथा सभी राजस्व उपनिरीक्षकों से बैठक की और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया।

## फिल्मी एवं होली के गीतो पर सब नाचने को विवश हो गये

# पलामू अभकाम ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

**लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाये**

**खबर मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पलामू के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कमल किशोर की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम में काफी संख्या में चित्रांश सपरिवार शामिल थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ चित्रांश सच्चिदानंद सिंहा और अरुणेश कुमार वर्मा को अबीर देकर, उनके आशीर्वाद के साथ शुरू किया गया। लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाये। अमर सहाय, स्मिता शरण एवं बबलू जी के गीतो ने शमा बांधे रखा। उनके फिल्मी एवं होली के गीतो पर सब नाचने को विवश हो गये। सभी ने खुल कर अबीर गुलाल उड़ाये। बच्चे अधिक उत्साहित दिखे। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश पदाधिकारी अरूणजय नारायण सिन्हा, स्नेह रंजन श्रीवास्तव, भाजपा नेता अविनाश कुमार वर्मा, भाजपा नेत्री रिना किशोर, एसबीआई अधिकारी सुनील सिंहा, डॉ रविश सिंहा, झामुमो नेता गोपाल सिंहा, प्रभाकर शरण आदि ने संबोधित कर लोगो को होली पर्व की शुभकामना दी।

### भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक, संस्थागत प्रसव पर चर्चा


बैठक में मौजूद कर्मी।

**भंडरा।** भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित सभागार में मंगलवार को डा. आकाश वर्मा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक हुई। बैठक में भंडरा प्रखंड के सभी उप स्वास्थ्य केंद्र व हेल्थ वेलनेस सेंटर के प्रभारी शामिल हुए। मौके पर डॉ आकाश कुमार वर्मा ने सभी उप स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम व हेल्थ वेलनेस सेंटर के सीएचओ से सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान डॉ आकाश वर्मा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना है। इसके लिए ग्रामीणों को जागरूक करना जरुरी है। साथ ही परिवार नियोजन के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाना है। इस दौरान उन्होंने लक्ष्य से कम संस्थागत प्रसव कराने वाली एएनम को कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया है। बीपीएम मेरी बेक ने कहा स्वास्थ्य विभाग ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे रोटा वायरस के प्रति ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

### झरिया में श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव पर निकली भव्य निसान शोभायात्रा

**झरिया।** श्री श्याम मंदिर के वार्षिक तीन दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव पर मंगलवार को झरिया में विशाल निसान शोभायात्रा निकली। उड़ते रंग गुलाल व जय श्री श्याम, खाटू सरकार की जय, हारे का सहारा बाबा श्री श्याम हमारा के जयकारे से श्याम मय हो गया, भक्तो ने झरिया 7500 कपड़े का निसान, 200 चांदी के निसान श्याम प्रभु को किया गया अर्पित। नगर भ्रमण करते हुए श्याम मंदिर पहुंचे, जहां पर पंडित कैलाश पांडेय, अशोक पाण्डेय, चंदन पांडेय ने बारी-बारी से निसान अर्पण कराया। निसान शोभा यात्रा के दौरान रामगढ़ का तासा पार्टी और बनारसी से आए सोनू अघोरी टीम के भस्म होली लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते रहा। निसान शोभा यात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से पानी, शर्बत, फ्रूटी, फल, चॉकलेट आदि का वितरण श्याम भक्तों के बीच करते रहे। निसान शोभा यात्रा को लेकर झरिया शहर की बिजली आपूर्ति काट दी गई थी। पुलिस प्रशासन शहर में वन वे व्यवस्था की गई थी। ताकि श्याम भक्तों को कोई परेशानी नही हो। विधि व्यवस्था में झरिया इंस्पेक्टर शशि रंजन सिंह पुलिस बल और शांति समिति के सदस्यों के जुटे रहे।

## पिछली सिट पर बैठने वाले हेलमेट व बेल्ट नहीं पहना तो लगेगा जुर्माना : डीएसपी

**खबर मंत्र संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर आयोजित एकदिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन स्थानीय सिविल कोर्ट में धनबाद के अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धनबाद निताशा बारला, ट्रेफिक डीएसपी, रोड सेफ्टी मैनेजर, एवं डॉ दिनेश ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस मौके पर न्यायाधीश श्रीमती बारला ने कहा कि समाज के प्रति हम सब की जिम्मेवारी है जिसे समय पर पूरा करना हमारा कर्तव्य है। पहले सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को इलाज के लिए समुचित प्रबंध करना चाहिए न की सड़क जाम कर। आजकल यह देखा जा रहा है कि जख्मी सड़क पर तड़प रहे हैं और लोग सड़क जाम करते रहते हैं उन्हें अस्पताल नहीं ले जाते यह स्थिति बदलनी चाहिए। पहले किसी की जान बचाना ज्यादा महत्वपूर्ण है मुआवजा के लिए तो कानून बना है। उन्होंने पुलिस पदाधिकारी को संदेश देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में समय पर कागजात कोर्ट में जमा नहीं किए जाने के कारण मृतकों के परिजनों को मुआवजा समय पर नहीं मिल पाता है। ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि सड़क पर ट्रैफिक नियमों का पालन कर हम इन सब विपत्तियों से बच सकते हैं।

# मारवाड़ी महिला समिति के होली मिलन समारोह में नये पदाधिकारियों का स्वागत



**खबर मंत्र संवाददाता**

**मैथन।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की चिरकुंडा शाखा ने मंगलवार को शाखा कार्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित किया। समारोह में समिति के नये पदाधिकारियों का स्वागत रंग, गुलाल लगाकर किया गया। समिति के सदस्यों ने एक दूसरे को जमकर रंग- गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं दी।

सदस्यों ने म्यूजिक के साथ कोल्ड ड्रिंक्स, स्नैक्स, चाय आदि का जमकर लुत्फ उठाया। समिति की नई अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, उपाध्यक्ष उषा चौधरी, सचिव उषा जिंदल एवं कोषाध्यक्ष सुमित्रा अग्रवाल ने बताया कि नई समिति का चुनाव दो वर्षों के लिए हुआ है। समिति का कार्यकाल वर्ष 2024 से 2026 तक रहेगा।

समिति में पर्यावरण प्रभारी रेखा खरकिया, महिला सशक्तीकरण प्रभारी रेणु अग्रवाल व बाल विकास प्रभारी बरखा केडिया को बनाया गया है। समिति का गठन वरिष्ठ सदस्य ललिता अग्रवाल की देखरेख में हुआ था। मौके पर मंजू अग्रवाल, भगवती रुंगटा, ललिता अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, किरण अग्रवाल, नेहा केडिया, श्वेता जैन, सीमा अग्रवाल, कविता जिंदल, ज्योति खरकिया, संतोष जिंदल, कनक चौधरी, संगीता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल आदि मौजूद थीं।

# शराबी पति की पत्नी ने तलवार से काट कर कर दी थी हत्या

**खबर मंत्र संवाददाता**

**धनबाद।** पति बेहद शराब पीता था जो पत्नी को नागवार गुजरा फिर क्या था उसने अपने पति की हत्या की साजिश रची। सहयोगियों के साथ मिलकर कर्मा पर्व के दिन पहले पति को दारू पिलाया फिर तलवार से काटकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। लाश का पता न चले इसलिए दो अलग अलग कुंए मे लाश के टुकड़े को फेंक दिया परंतु वह कानून के नजरों से नहीं बच सकी धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत ने दलदली राजगंज निवासी मालती देवी को उम्रकैद एवं तेरह हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। 16 मार्च को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 19 मार्च की तारीख निर्धारित की थी।

**मोबाइल फोन ने कर दी थी चुगली**

मालती देवी ने अपने पति चंद्रकांत टुडू की हत्या 25 अगस्त 20 को तलवार से छह टुकड़ों में काट कर कर दी थी हत्या से पहले मालती ने चंद्रकांत को खूब दारू पिलाया उसके बाद कमरे में उसे बंद कर पहले तलवार से उसका सर काट दिया फिर पैर काटा, पैर को जांघ से अलग काटकर कर दिया, फिर जांघ से कमर को काट कर अलग कर दिया उस दिन कर्मा पर्व था। हत्या के बाद रात बारह बजे पति के सर को प्लास्टिक में डालकर स्कूटी में रखा धड़ एवं पैर को टोकडी मे रखकर अलग अलग दो कुएं में फेंक दिया। तलवार को एक अन्य कुएं में फेंक दिया था रात में ही घर को पानी से धोकर साफ कर दिया। ताकि हत्या का खुलासा ना हो सके। दूसरे दिन स्कूटी में रखे पति के सर को तिलाटांड़ पहाड़ी तेतुलमारी के झाड़ी में ले जाकर फेंक दिया और अपने पति के गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी। परंतु नियति ने उसका साथ नहीं दिया मालती के मोबाइल फोन ने उसके कारनामों की चुगली पुलिस को कर दी। 6 सितंबर 20 को कांड के अनुसंधानकर्ता ने जब मालती देवी के मोबाइल फोन का सीडीआर निकाला तो उसे पता चला कि मालती देवी चंदन चौहान, महेंद्र चौहान और सुभाष कुमार गोप के साथ घटना से पहले और घटना के बाद भी लगातार संपर्क में थी और बात कर रही थी। जब पुलिस ने इन तीनों को पकड़ा तो तीनों ने हत्या से पर्दा उठा दिया और बताया कि मालती देवी ने हीं उसकी हत्या की है। पुलिस को दिए बयान में मालती ने भी अपना दोष स्वीकार किया था। मालती के निशान देही पर ही पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किए गए तलवार, टोकरी स्कूटी मृतक के कपड़े चप्पल को बरामद किया था। घटना की प्राथमिकी मृतक चंद्रकांत टुडू के बड़े भाई विनोद टुडू के लिखित शिकायत पर 28 अगस्त 20 को दर्ज की गई थी राजगंज थाने में दर्ज प्राथमिकी थाना कांड संख्या 37/20 के मुताबिक विनोद का भाई चंद्रकांत( मृतक) 25 अगस्त 20 को घर से चला गया था उसके बाद उसका पता नहीं चल रहा था 28 अगस्त 20 को गांव के लोगों से उसे सूचना मिली की दलदली बढ़ई टोला धान खेत के कुआं में एक कटा हुआ शव पड़ा हुआ है जब वह गया तो देखा कि वह शव उसके भाई का था जिसे कई टुकड़ों में काटकर फेंक दिया गया था। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 30 नवंबर 20 को मालती देवी के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी इस दौरान अभियोजन ने कुल 12 गवाहों का परीक्षण कराया था।

# एसपी के निर्देश पर यातायात प्रभारी ने किया वाहन चेकिंग



**खबर मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में मादक पदार्थ का क्रय विक्रय करनेवाले असमाजिक तत्व, अपराधिक गतिविधियों में शामिल रहने वाले एवं फरार चल रहे अपराधी, वारंटी, अवैध रूप से आग्नेयास्त्र रखने वाले समेत अन्य अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने जिले के सभी थाना प्रभारी व वरीय पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दे रखी है। इस निर्देश के आलोक में यातायात प्रभारी समाल अहमद ने छह मुहान पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के डिक्की खोलकर जांच किया। उन्होंने बताया कि चुनाव के मद्देनजर वाहन चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। यातायात प्रभारी ने लोगों से अपील किया कि अपने वाहन में प्रतिबंधित या अवैध सामग्री लेकर न चलें। साथ ही वाहन का पूरी कागजात लेकर चलें। सीट बेल्ट व हेलमेट का उपयोग करें।

